**अव्यवस्था** शिकायतों के बावजूद अधिकारी बने मूकदर्शक

# हटौली की गोकुल गौशाला में बदहाली चरम पर



**नवभारत, मझौली, संवाददाता।** स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित जनपद पंचायत मझौली अंतर्गत ग्राम पंचायत हटौली की गोकुल गौशाला इन दिनों गंभीर अव्यवस्थाओं का शिकार बनी हुई है। गौशाला में रखीं गईं गौमाताओं को पर्याप्त भूसा, चारा और स्वच्छ पानी तक नहीं मिल पा रहा, जिससे उनकी स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि गौशाला में भूख और लापरवाही के चलते कई गायें मृत अवस्था में पाई गई हैं, बावजूद इसके न तो संचालन कर रहे स्व-सहायता समूह की जवाबदेही तय की गई और न ही जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई ठोस कदम उठाया। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन अधिकारी-कर्मचारी अभी तक केवल मूकदर्शक बने हुए हैं।

### प्रदेश सरकार के दावे फेल

एक ओर प्रदेश सरकार गौ संरक्षण को लेकर बड़े-बड़े दावे और योजनाएं गिना रही है, वहीं दूसरी ओर हटौली की गोकुल गौशाला की वास्तविक स्थिति सरकारी दावों की सच्चाई उजागर कर रही है। सवाल यह भी उठ रहा है कि गौशाला संचालन के लिए मिलने वाली सरकारी सहायता और अनुदान का सही उपयोग हो भी रहा है या नहीं। ग्रामीणों ने मांग की है कि स्व-सहायता समूह द्वारा किए जा रहे संचालन की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो और गौमाताओं के लिए नियमित चारा आपूर्ति, चिकित्सकीय उपचार और निगरानी व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए। अब देखना यह है कि प्रशासन इस संवेदनशील मामले को कितनी गंभीरता से लेता है, या फिर गौमाताओं की दुर्दशा पर यूं ही आंखें मूंदे रखेगा। क्षेत्रवासियों की निगाहें अब जिम्मेदार अधिकारियों की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।



# ब्लैक स्पॉट बना पाटन का कोनी मोड़

**आए दिन हो रहे हैं हादसे**
**ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा चालक ने कूदकर बचाई जान**

**नवभारत,पाटन।** पाटन के कोनी मोड पर इन दोनों आए दिन हादसे हो रहे हैं । बुधवार शाम को भी एक मिक्सर मशीन लेकर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। बताया जाता है कि मिक्सर मशीन लेकर एनटीपीसी से ड्राइवर मैहर जा रहा था लेकिन जैसे ही कोनी मोड़ पर पहुंचा इस दौरान एक बस वहां पर खड़ी थी साथ ही बोलेरो ने ओवरटेक किया जिसको बचाने के चक्कर में ट्रक बेकाबू हो गया और मोड़ के नीचे गड्ढे में जा गिरा। ड्राइवर ने जैसे तैसे कूद कर अपनी जान बचाई लेकिन उसे भी सिर और कमर में चोट लग गई मामले की सूचना मिलने पर पाटन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

ग्रामीणों का कहना है की कोनी मोड ब्लैक स्पॉट बन गया है और यहां पर आए दिन बड़े वाहन पलटते रहते हैं हो सकता है कि यहां पर किसी ने बड़ा हादसा भी हो लेकिन प्रशासन इसके बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है लोगों का कहना है कि यदि यहां पर सड़क चौड़ी हो जाती है तो हो सकता है कि हादसे कम हो जाएं।

# सुदामा चरित्र के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का समापन

**पौड़ी नगना में उमड़ा भक्तों का सैलाब**

**नवभारत,बेलखाडू।** श्रीमद्भागवत महापुराण (दशम स्कंध) में वर्णित सुदामा चरित्र नि:स्वार्थ मित्रता और भक्ति का सर्वोच्च उदाहरण है। परम दरिद्र ब्राह्मण सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारका जाते हैं। कृष्ण सुदामा के फटे-हाल होने के बावजूद उन्हें गले लगाते हैं, चरण धोते हैं और बिना मांगे ही उनकी दरिद्रता दूर कर देते हैं। भागवत में सुदामा चरित्र पर श्रोताओं को यह व्याख्यान सुनाते हुए पौड़ी नगना में व्यास पीठ से आचार्य पं रमेश मिश्रा गूंजोंरा गढ़ाकोटा ने कहा कि ईश्वर निस्वार्थ प्रेम व समर्पण देखते हैं , भौतिक संपन्नता नहीं ।सच्चा मित्र वही है जो बुरा समय आने पर सहायता करे।



कथा बाद ग्राम के दो युवकों को सुदामा श्रीकृष्ण के रूप में सजाकर उनका मिलन देख एवं अरे द्वार पालो कन्हैया से कह दो दर पे सुदामा गरीब आ गया है, जैसे अन्य भक्ति गीत सुन श्रोतागण भाव विभोर हो गए। श्री कृष्ण सुदामा कथा के साथ श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का समापन हुआ। इस अवसर पर आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे।

# सामाजिक एकता ही विकास की असली ताकत : विश्नोई

**झारिया समाज की धर्मशाला का लोकार्पण**

**नवभारत,मझौली संवाददाता।** रानीताल (कटाव) क्षेत्र में झारिया समाज धर्मशाला भवन का भव्य लोकार्पण पाटन-मझौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय विश्नोई के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्साह, सम्मान और सामाजिक एकजुटता से सराबोर रहा।

लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अजय विश्नोई ने कहा कि समाज की मजबूती ही क्षेत्र के समग्र विकास की नींव होती है। झारिया समाज ने सदैव सामाजिक समरसता और परिश्रम की मिसाल पेश की है। धर्मशाला जैसे भवन समाज के सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन को नई दिशा देते हैं।'समाज के लोगों ने मंच से बताया कि विधायक अजय विश्नोई हर समय झारिया समाज के साथ खड़े रहे हैं और सामाजिक कार्यों में निरंतर सहयोग करते आ रहे हैं।




### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मझौली जनपद पंचायत अध्यक्ष विंध्या दिनेश चौरसिया, डॉ. अभिजीत विश्नोई नगर परिषद मझौली विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र चौरसिया, मंडल अध्यक्ष मुकेश सेन, मनोरंजन राय ,झारिया कटाव धर्मशाला अध्यक्ष रामसुमेर झारिया ,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रामेश झारिया, भीकम झारिया ,संगीता झारिया , निर्मला झारिया , रामसुजान झारिया ,कपिल झारिया , कमलेश झारिया, सत्यम झारिया , सहित समस्त झारिया समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# एक क्लिक में एक लाख गायब

**फर्जी लिंक से साइबर ठगी पीड़ित ने थाने में दी शिकायत**

**नवभारत, मझौली संवाददाता ।** साइबर ठगों का जाल अब गांव-कस्बों तक गहराई से फैल चुका है। ताज़ा मामला थाना मझौली क्षेत्र के ग्राम महगवां से सामने आया है, जहां एक युवक के मोबाइल पर आए संदिग्ध लिंक ने महज कुछ मिनटों में उसके बैंक खाते से एक लाख रुपये उड़ा दिए। पीड़ित ने पूरे मामले की लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई है। पीड़ित नीतेश राजपूत, पिता सुरील राजपूत, निवासी महगवां ने पुलिस को बताया कि 25 फरवरी 2026 को उनके मोबाइल नंबर 7987891605 पर एक अनजान लिंक आया। सामान्य संदेश समझकर जैसे ही लिंक पर क्लिक किया गया, मोबाइल में सेव सभी संपर्क नंबर और संबंधित सेवाएं हैक हो गईं। पीड़ित के अनुसार मोबाइल नंबर बैंक खाते से लिंक होने का फायदा उठाकर साइबर ठगों ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा मझौली में स्थित खाते क्रमांक 5033238184 से 1,00,000 (एक लाख रुपये) की राशि निकाल ली। पीड़ित को जब तक धोखाधड़ी का आभास हुआ, तब तक पैसा खाते से गायब हो चुका था। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई, जिसका कम्प्लेंट नंबर 206020679133 बताया गया है। इसके बाद पीड़ित ने थाना मिकोली में लिखित आवेदन देकर साइबर फ्राड की जांच और राशि वापस दिलाने की मांग की है।




### कुछ इस तरह की मांग

पीड़ित नीतेश राजपूत ने पुलिस से मांग की है कि दोषी साइबर ठगों की शीघ्र पहचान कर गिरफ्तारी की जाए और बैंक खाते से निकाली गई पूरी राशि वापस दिलाई जाए व साथ ही क्षेत्र के लोगों को साइबर ठगी के तरीकों को लेकर जागरूक किया जाए। उधर विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

## दहेज प्रताड़ना से महिला ने की थी खुदकुशी

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में एक 26 वर्षीय महिला ने दहेज प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। मर्ग जांच में खुलासा होने के बाद मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।नगर पुलिस अधीक्षक बरगी अंजुल अयंक मिश्रा के अनुसार साधना चौधरी (26) ने 18 फरवरी 2026 की शाम भेड़ाघाट स्थित अपने किराए के मकान में फांसी लगा ली थी। गंभीर हालत में उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहाँ 23 फरवरी की रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस जांच और मायके पक्ष के बयानों में यह बात सामने आई कि साधना की शादी अप्रैल 2021 में राजकुमार चौधरी से हुई थी। शादी के दो साल बाद से ही पति राजकुमार दहेज में रुपयों और मोटरसाइकिल की मांग को लेकर साधना के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने लगा था। मृतिका के भाई टीकाराम ने बताया कि आरोपी उसे फोन पर धमकी देता था कि अपनी बहन को ले जाओ, वरना उसे जान से खत्म कर दूंगा। इसी मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से तंग आकर साधना ने आत्मघाती कदम उठाया।

# झगरा-भर्रा रोड हुई खस्ताहाल, ग्रामीणों में आक्रोश



**एक किलोमीटर सड़क निर्माण को तरस रहे लोग**

**नवभारत,बेलखाडू ।** एक किलोमीटर दूरी वाले झगरा-भर्रा पहुंच मार्ग पर इन दिनों गड्ढों का जाल बिछा हुआ है। रोड की गिट्टी बाहर निकल गई है रोड मै बिखर गई है , ग्रामीणों के अनुसार लगभग पिछले 3 वर्षों से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित यह सड़क अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और कई स्थानों पर सड़क की परत उखड़कर मिट्टी बाहर आ गई है। ग्रामवासियों का कहना है कि रोजाना छात्र-छात्राएं, किसान और महिलाएं इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन फिसलने का खतरा बना रहता है, वहीं पैदल चलने वाले लोगों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के समय गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और भी खराब हो जाती है।

### झाड़ियां बनी हादसों का कारण

सड़क किनारे उगी झाड़ियां दृश्यता कम कर रही हैं। मोड़ पर सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग को अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ।प्रशासन से मांग ग्रामवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत या पुनर्निर्माण कराया जाए, गड्ढों की भराई और डामरीकरण शीघ्र किया जाए, सड़क किनारे की झाड़ियों की कटाई कराई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब संज्ञान लेता है और ग्रामीणों को राहत मिलती है।

# नाबालिग से घर में घुसकर छेड़छाड विरोध करने पर चाकू से किया वार

**सिरफिरे आशिक ने एकतरफा प्रेम में वारदात को दिया अंजाम**

**नवभारत, जबलपुर।** मझौली थाना अंतर्गत महगवां में बीती रात्रि सिरफिरे आशिक ने एक तरफा प्रेम में 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के घर में घुसकर न केवल छेड़छाड़ की, बल्कि विरोध करने पर चाकू से उस पर हमला कर दिया। हमले में किशोरी खून से लथपथ हो गई और आरोपी ने पीड़िता के परिवार को जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महगवां निवासी 17 वर्षीय बचपन में अपनी नानी के घर ग्राम कुंआ कटनी में रहती थी, तब से दीनदयाल कुशवाहा उसे परेशान करता था। बीती रात करीब 8 बजे जब पीड़िता अपने घर की परछी में खाना बना रही थी और घर के अन्य सदस्य बाहर थे, तभी आरोपी दीनदयाल कुशवाहा अचानक घर में घुस आया। आरोपी ने पीड़िता के साथ बुरी नीयत से छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब नाबालिग ने शोर मचाया और विरोध किया, तो आरोपी आक्रोशित हो गया। उसने गाली-गलौज करते हुए अपने पास रखा चाकू निकाल लिया और पीड़िता के बाएं हाथ, पीठ पर वार कर दिया।

हमले में पीड़िता लहूलुहान हो गई। चीख-पुकार सुनकर जब पीड़िता के पिता, बड़े पापा और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुँचे, तो आरोपी उन्हें देखकर भागने लगा। भागते समय उसने पीड़िता और उसके परिवार को जातिगत रूप से अपमानित किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी दीनदयाल काछी निवासी पिपरिया, जिला कटनी के खिलाफ पाक्सो एक्ट, चाकूबाजी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया।

# मुख्यमंत्री से शीघ्र संवाद की मांग : अधिवक्ता परिषद

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा अधिवक्ताओं की सुरक्षा, सम्मान एवं कल्याण सेसंबंधित लंबित मांगों के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन को पुन: निवेदन प्रेषित किया गया है। परिषदने विशेष रूप से प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को प्रभावी रूप से लागू किए जाने सहित विभिन्न महत्वपूर्णमांगों पर शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया है। परिषद द्वारा पूर्व में 15 फरवरी को अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवंसामाजिक संरक्षण से संबंधित मांगों के संबंध में पत्र प्रेषित किया गया था, जिसमें सात दिवस की समय-सीमानिर्धारित कर सकारात्मक पहल का अनुरोध किया गया था। तत्पश्चात 18 फरवरी को स्मरण-पत्र भी भेजा गया, किंतु अब तक शासन स्तर पर औपचारिक संवाद स्थापित नहीं हो सका है।

शासन की जिम्मेदारी है

परिषद का स्पष्ट मत है कि अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था का अभिन्न एवं अनिवार्य अंग है तथा उनकी सुरक्षा, गरिमा एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित किया जाना राज्य शासन की सवैधानिक एवं नैतिक जिम्मेदारी है। वर्तमानपरिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए परिषद ने पुन: आग्रह किया है कि शासन स्तर पर परिषद के प्रतिनिधि मण्डलके साथ शीघ्र बैठक निर्धारित कर औपचारिक संवाद स्थापित किया जाए।



### परिषद द्वारा रखी गई मांगें रखी

अधिवक्ता परिषद ने प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को अविलंब प्रभावी रूप से लागू किया जाये। शासकीयकार्यालयों एवं पुलिस विभाग में अधिवक्ताओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट एवंबाध्यकारी आचार संहिता अधिसूचित की जाये। अधिवक्ताओं हेतु मृत्यु दावा राशि 1 लाख से बढ़ाकर ढाई लाख की जाये। वही नवीन अधिवक्ताओं को दी जाने वाली अनुदान राशि 12 हज़ार से बढ़ाकर 25 हज़ार की जाये ।अधिवक्ताओं हेतु मेडिक्लेम राशि में ययोचित एवं व्यावहारिक वृद्धि की जाये ।अधिवक्ताओं के आवागमन हेतुटोल टैक्स मुक्त अथवा विशेष परमिट जारी किये जाएं। परिषद ने स्पष्ट किया है कि उसका प्रत्येक कदमलोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मर्यादाओं के अंतर्गत शांतिपूर्ण एवं गरिमापूर्ण ढंग से उठाया जाएगा। परिषद कोविश्वास है कि मुख्यमंत्री अधिवक्ता समाज की न्यायोचित मांगों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए शीघ्रसकारात्मक निर्णय लेंगे।

## जुआ फड़ पर छापा 14 गिरफ्तार

**जबलपुर।** लार्डगंज पुलिस ने राइट टाउन क्षेत्र में दबिश देकर ताश के पत्तों पर दांव लगा रहे 14 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 24 हजार रुपये से अधिक की नकदी और ताश की गड्डी बरामद की है। लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि राइट टाउन स्थित एक खंडहर के पास योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर दबिश दी। मौके पर अफरा-तफरी के बीच पुलिस ने 14 जुआरियों को दबोचा। पकड़े गए आरोपियों में सौरभ कोरी, मनीष रंगारे, सज्जू बेन, ब्रजेश वंशकार, सचिन जैन, शुभम साहू, धर्मेन्द्र कोरी, मधुर जैन, राहुल जैन, करण साहू, रोहित कोरी, पंकज जैन, अभिषेक जैन और आकाश सोनी शामिल हैं। पुलिस ने फड़ और जुआरियों की जामा तलाशी के दौरान कुल 24,420 रुपये और ताश के पत्ते जब्त किए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 8 टाइगर की मौत

**हाईकोर्ट में फील्ड डायरेक्टर ने पेश की स्टेटस रिपोर्ट**

**नवभारत, जबलपुर।** हाईकोर्ट के निर्देश पर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर की तरफ से टाइगरों की मौत के संबंध में स्टेटस रिपोर्ट पेष की गयी। रिपोर्ट में बताया गया कि विगत 21 नवम्बर से 2 फरवरी तक कुल आठ टाइगरों की मौत हुई है। जिसमें चार टाइगरों की मौत प्राकृतिक थी तथा चार टाइगरों की मौत करंट के कारण हुई थी। करंट लगने की सभी घटना सामान्य वन्य क्षेत्र में घटित हुई है। युगलपीठ ने याचिकाकर्ताओं को स्टेट्स रिपोर्ट पर जवाब पेष करने के निर्देश जारी करते हुए अगली सुनवाई 25 मार्च को निर्धारित की गयी है।

स्टेटस रिपोर्ट में बताया गया कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व दो टाइगर की मौत आपसी संघर्ष के कारण हुई तथा एक-एक टाइगर की मौत कुएं में डूबने तथा प्राकृतिक बीमारी से हुई है। कोर व बफर क्षेत्र में स्थित विद्युत लाइन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि टाइगर रिजर्व के संवेदनशील क्षेत्रों में बिजली लाइन की सुदृढीकरण व वन्यजीव सुरक्षा मानकों के पालन हेतु विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता को समय-समय पर पत्र लिखे गये है। इसके अलावा रिपोर्ट में पेट्रोलिंग व रात्रिकालीन गश्त के संबंध में भी जानकारी पेष की गयी। सरकारी की तरफ से मुख्य याचिका पर भी जवाब पेष किया गया। गौरतलब है कि भोपाल निवासी वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि दुनिया में टाइगर की कुल आबादी 5,421 है। जिसमें से भारत में 3167 टाइगर हैं और देष में सबसे अधिक मध्य प्रदेश में 785 टाइगर हैं। टागईर स्टेट होने के बावजूद भी साल 2025 में मध्य प्रदेश में 54 टाइगर की मौत हुई है। प्रदेश में साल 2022 में 43 मौतें,साल 2023 में 45 मौतें, साल 2024 में 46 मौतें हुई थी। देष में टाइगर प्रोजेक्ट की शुरुआत साल 1973 में मौत हुई थी।